मोटर चालित सेनेटाइजर मशीन को वित्त मंत्री ने दिखाई हरी झण्डी

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार सुरेश कुमार खन्ना द्वारा मोटर चालित सेनेटाइजर मशीन का हरी झण्डी दिखाकर उद्घाटन किया।

मंत्री द्वारा आमजन को कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु नगरवासियों के लिये नगर में सेनेटाइजर के लिये मोटर चालित सेनेटाइजर मशीन का उद्घघाटन किया गया। नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि इस मशीन के द्वारा एक ही समय में तीन दिषाओं में सेनेटाइजर किया जा सकता है, जिसके माध्यम से कोविड–19 के संक्रमण को कम करने के लिये मददगार मिलेगी। सासंद अरुण कुमार सागर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मंत्री सुरेन्द्रनाथ बाल्मीकि, जिलाधिकारी/ प्रशासक इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 आ0पी0 गौतम, मुख्य अभियंता दिनेष चन्द्र सचान एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।